सन्मार्ग
खबरें अनेक सच्चाई एक
sanmarg.in

# डुमरी पुलिस ने नकली अंग्रेजी शराब बनाने में होने वाली सामग्री को किया जब्त

Dumri police seize material used in making fake English liquor



By **Ranchi Desk** On **Aug 12, 2020** न्यूज़ सुनें




**गिरिडीह-** इस बाबत मंगलवार को डुमरी इंस्पेक्टर कार्यालय कक्ष में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित कर एसडीपीओ नीरज कुमार सिंह ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर गिरिडीह पुलिस अधीक्षक अमित रेणु के निर्देशानुसार डुमरी इंस्पेक्टर दिनेश कुमार सिंह के नेतृत्व में एक टीम गठित की गई जिसमें थाना प्रभारी बिंदेस्वरी दास और सरोज सिंह चौधरी प्रेम कुमार, पवन कुमार व एएसआई एमके झा समेत पुलिस बल शामिल हुए।बताया कि उक्त स्थान पर जैसे ही पुलिस पहुंची वैसे हीं लोग पुलिस को देखकर वैन चालक तथा उक्त वाहन को स्कॉट कर रहे दो बाइक पर सवार चार लोग दो बाइक छोड़कर भागने लगे,भागते हुए लोगों में एक ब्यक्ति को पुलिस ने दबोच लिया बाकी लोग भाग गए।गिरफ्तार व्यक्ति दीलीप सिंह है जबकि फरार लोगों में ससारखो निवासी निरंजन सिंह व मधुसूदन सिंह उर्फ राजेंद्र सिंह भंडारो निवासी प्रमोद पंडित एवं जब्त दोनों बाइक के मालिक है।बताया कि वैन में शराब बनाने में उपयोग होने वाली सामग्री व आई बी का रैपर व ढक्कन बरामद की गई।पूछताछ में गिरफ्तार व्यक्ति ने बताया कि उपरोक्त सभी लोग बगोदर के हेसला में शराब की फैक्ट्री स्थापित करने के लिए उक्त सामग्रियों को ले जा रहे थे।

Source: https://sanmarglive.com/news/dumri-police-seize-material-used-in-making-fake-english-liquor/